राजस्थान सरकार
**कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग**
**प्राविधिक शिक्षा निदेशालय (प्रशिक्षण) जोधपुर**
W-6, रेजीडेंसी रोड, गौरव पथ, रातानाडा, जोधपुर

क्रमांकः प.सं.7(11)/प्र–1/केन्द्रीप्रवेश/2026/11406 दिनांकः **As per E-sign Date**

# राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) में "केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया" के माध्यम से प्रवेश हेतु सूचना

## प्रवेश सत्र :: 2026–27/28

सत्र 2026–27/28 में राज्य की समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (N.C.V.T.) एवं राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (S.C.V.T.) के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश तथा प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद् (N.C.V.T.) के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु **राज्य स्तरीय केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया** द्वारा प्रवेश हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। प्रवेश प्रक्रिया की महत्वपूर्ण तिथियां निम्नानुसार है–

| | |
|---|---|
| राजस्थान सरकार के एकीकृत पोर्टल **sso.rajasthan.gov.in/E-Mitra कियोस्क** के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने की प्रारम्भ तिथि | **29.06.2026** |
| ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने, आवेदन/प्रोसेस शुल्क ई–मित्र के माध्यम से जमा कराने की अंतिम तिथि | **16.07.2026** |

**प्रोत्साहन/महत्वपूर्ण जानकारीः**

| | |
|---|---|
| 1 | **महिला अभ्यर्थीयों से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण शुल्क नहीं लिया जायेगा।** |
| 2 | **आई.टी.आई. के दो वर्षीय पाठ्यक्रम के साथ प्रशिक्षणार्थी को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं तथा बारहवीं उत्तीर्ण समकक्षता का प्रावधान।** |
| 3 | **युवाओं को आईटीआई में प्रवेश हेतु नियमानुसार आरक्षण की व्यवस्था।** |
| 4 | **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों/व्यवसायों में रोजगारपरक प्रशिक्षण की व्यवस्था। प्रचलित व्यवसाय इलैक्ट्रीशियन, फिटर, इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, मैकेनिक डीजल, रेफ्रीजरेशन एवं एयर कंडिशनिंग टेक्नीशियन, वायरमैन, मैकेनिक मोटर व्हीकल, वेल्डर, स्टेनोग्रॉफर एण्ड सेक्रेट्रियल असिस्टेन्ट (हिन्दी/अंग्रेजी) कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, कॉस्मेटोलॉजी इत्यादि है। इसके अतिरिक्त भी विभिन्न रोजगारपरक व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया जाता है।** |

1. प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की आयु 01–09–2026 को 14 वर्ष या 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिये।
2. प्रवेश हेतु विभिन्न व्यवसायों की प्रवेश योग्यता 8 वीं, 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण है।
3. ऑनलाईन आवेदन/प्रोसेस का निर्धारित शुल्क एस.सी./एस.टी. अभ्यर्थी हेतु 175/– रूपये एवं अन्य अभ्यर्थी हेतु 200/– रूपये निर्धारित है।
4. अभ्यर्थी वेबसाईट लिंक http://hteapp.hte.rajasthan.gov.in/iti_admission/ का अवलोकन कर प्रवेश के लिए संस्थानों द्वारा ली जाने वाली फीस इत्यादि की नवीनतम जानकारी प्राप्त कर ऑनलाईन आवेदन कर सकेगें।
5. राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों में सत्र 2026–27/28 में प्रवेश हेतु केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया एवं सीट आवंटन की महत्वपूर्ण तिथियों, प्रवेश संबंधी विस्तृत सूचनाएं एवं प्रवेश विवरणिका विभाग की वेबसाईट https://dot.rajasthan.gov.in पर तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में भी उपलब्ध हैं।

**निदेशक प्रशिक्षण**

Signature valid
Digitally signed by Munish Kumar Sharma
Designation : Director Training
Date: 2026.06.25 20:29:45 IST
Reason: Approved

क्रमांकः प.सं.7(11)/प्र–1/केन्द्रीप्रवेश/2026/11407-11418 दिनांकः **As per E-sign Date**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री महोदय, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सहायक, निदेशक प्रशिक्षण, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय राज., जोधपुर।
5. निजी सहायक, निदेशक (आर.सी.वी.ई.टी), आरसीवीईटी, जोधपुर।
6. निदेशक शिक्षुता एवं राज्य शिक्षुता सलाहकारा, बनीपार्क, जयपुर।
7. निदेशक (तकनीकी) एवं प्रभारी अधिकारी, hte Portal सूचना प्रोद्योगिकी एवं संचार विभाग, आई.टी. बिल्डिंग, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर– 302005 को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त नोटिफिकेशन के तहत राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026–27/28 हेतु केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया की महत्वपूर्ण तिथियां (संलग्न) अनुसार पोर्टल पर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित कराने का श्रम करावें।
8. श्री विजय कानूंगो, प्रबंधक (टेक्निकल), आर.आई.एस.एल. को प्रेषित कर लेख है कि उक्त नोटिफिकेशन के तहत राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026–27/28 हेतु केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया की महत्वपूर्ण तिथियां (संलग्न) अनुसार पोर्टल पर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित करवाने का श्रम करावें।
9. क्षैत्रीय निदेशक, क्षैत्रीय निदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय, भारत सरकार, जयपुर।
10. संयुक्त निदेशक एवं सिस्टम एनालिस्ट, आरसीवीईटी, जोधपुर।
11. संयुक्त निदेशक, (प्रशिक्षण), क्षेत्रीय कार्यालय, प्राविधिक शिक्षा, अजमेर/बीकानेर/भरतपुर/जयपुर/ जोधपुर/कोटा/उदयपुर।
12. उपनिदेशक (प्रशिक्षण)/आचार्य/अधीक्षक, राजकीय/प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को प्रेषित कर लेख है कि सूचना नोटिस बोर्ड पर आवश्यक रूप से चस्पा करें।

**निदेशक, प्रशिक्षण**



Signature valid
Digitally signed by Munish Kumar Sharma
Designation : Director Training
Date: 2026.06.25 20:29:45 IST
Reason: Approved

परिशिष्ट–अ

# राजकीय / प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026–27 / 28 हेतु केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया की महत्वपूर्ण तिथियां (प्रस्तावित)

| क्र.सं. | गतिविधियाँ | तिथियां |
|---|---|---|
| 1 | प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की प्रारम्भ / अन्तिम तिथि | 29.06.2026 से 16.07.2026 |
| 2 | अस्थाई योग्यता सूची (Provisional Merit List) जारी करने की तिथि | 17.07.2026 |
| 3 | ''संस्थान प्रबंधन समिति'' (आई.एम.सी.) सीटों पर संबंधित संस्थानों में संस्थान स्तर पर प्रवेश की तिथि | 20.07.2026 |
| 4 | संस्थानों द्वारा आई.एम.सी. सीटों पर हुए प्रवेशितों की सूचना, ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 21.07.2026 |
| 5 | केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश हेतु प्रथम सीट–आवंटन की तिथि | 24.07.2026 |
| 6 | प्रथम सीट आवंटन पश्चात नियमानुसार प्रशिक्षण शुल्क एवं मूल दस्तावेज के साथ संस्थान में रिपोर्ट करने की अंतिम तिथि। | 27.07.2026 से 30.07.2026 |
| 7 | प्रथम सीट आवंटन पश्चात आवंटित सीटो पर हुए प्रवेशितों के संस्थानो में रिपोर्ट करने की सूचना को संस्थानो द्वारा आनलाईन अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 31.07.2026 तक |
| 8 | प्रथम सीट आवंटन पश्चात संस्थानो में रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थियो द्वारा Upward Movement हेतु आनलाईन पोर्टल पर सहमति के आवेदन की अन्तिम तिथि | 27.07.2026 से 31.07.2026 |
| 9 | केन्द्रीकृत ऑनलाईन प्रवेश द्वितीय सीट–आवंटन (For choice exhausted candidates and upward movement) की तिथि | 03.08.2026 |
| 10 | द्वितीय सीट आवंटन पश्चात नियमानुसार प्रशिक्षण शुल्क एवं मूल दस्तावेज के साथ संस्थान में रिपोर्ट करने की अंतिम तिथि<br>नोटः– Upward Movement हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियो को सीट आवंटन होने पर प्रथम आंवटित संस्थान में जमा कराये गये शुल्क की रसीद की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। | 03.08.2026 से 05.08.2026 |
| 11 | द्वितीय सीट आवंटन पश्चात् आंवटित सीटों पर हुए प्रवेशितों के संस्थानों में रिपोर्ट करने की रिर्पोटिंग सूचना को संस्थानों द्वारा ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 06.08.2026 तक |
| 12 | इन्टरनल स्लाईडिंग | 08.08.2026 |
| 13 | नियमित कक्षायें प्रारम्भ होने की तिथि | 10.08.2026 |